लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2079
अमृत विचार
वर्ष 4, अंक 85, पृष्ठ 14, मूल्य: 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
बरेली, गुरुवार, 9 फरवरी 2023
www.amritvichar.com

PAGE NO : 05 MIDDLE

आईके और एसआरएमएस ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही शकुंतला देवी मेमोरियल प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : पत्रकार क्रिकेटर क्लब की ओर से चल रहे शकुन्तला देवी मेमोरियल प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को दो मैचों का आयोजन हुआ। जिनमें एसआरएमएस और आईके मुरादाबाद ने अपने-अपने मुकाबले जीते। इस मुकाबले में यूपी अंडर 19 के खिलाड़ी शिवम शर्मा, अरुणाचल प्रदेश के रणजी प्लेयर अनूप अहलावत, यूपी अंडर 19 के गेंदबाज सत्यम चौहान, उड़ीसा अंडर-19 के गेंदबाज रितिक चौधरी, उड़ीसा अंडर - 19 के बल्लेबाज रोहित चौहान, उत्तराखंड अंडर-19 के शुभ मिश्रा, अंडर 16 के पूर्व सिंह समेत खिलाड़ी रहे।

पहला मैच बुधवार को आरके मुरादाबाद और गंगाशील अकेडमी के बीच खेला गया। आरके के कप्तान आर्यन जुयाल ने पहले बैटिंग करने का फैसला किया। इस दौरान एसआरएमएस की अच्छी गेंदबाजी के चलते 110 रनों का स्कोर बनाया। मुरादाबाद की ओर से शिवम शर्मा ने 22 और नयन ने 25 रनों का योगदान दिया। जवाब में उत्तरी गंगाशील की टीम 7 विकेट खोकर 20 अंतर में 103 रनों पर ही सिमट गई। गंगाशील की ओर से हर्ष राणा ने 39 रनों की पारी खेली। शिवम शर्मा ने मुरादाबाद के लिए तीन विकेट झटके। शानदार प्रदर्शन के लिए शिवम शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।दूसरा मुकाबला एसआरएमएस और एसजी अमरोहा के बीच खेला गया। जिसमें एसआरएमएस की ओर से पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया। एसआरएमएस की ओर से 5 विकेट खोकर 144 रनों का लक्ष्य रखा गया। एसआरएमएस की ओर से अनंतवीर ने 40 रनों की पारी खेली।

- **एसआरएमएस के अनुज और आईके मुरादाबाद के शिवम शर्मा बने मैन ऑफ द मैच**

वहीं, लक्ष्य के सापेक्ष एसजी अमरोहा की टीम 113 रनों पर ढेर हो गई। एसआरएमएस की ओर से शुभ मिश्रा ने तीन विकेट लिए। अनुज मैन आफ द मैच रहे। क्लब के अध्यक्ष सुनील सक्सेना सचिव प्रशांत रायजादा ने बताया कि गुरुवार को दो मैच खेले जाएंगे।